TIME : 3 HOURS

TOTAL : 80 MARKS

# ABBHYASH ACADEMY

## HINDI

1

* **निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए :** **[2]**

1. उज्जयिनी की राज्यसभा का प्रत्येक व्यक्ति कालिदास को किसलिए जानता था ?
   (A) ऋतुसंहार के लिए (B) संगीतसंहार के लिए (C) गीतसंहार के लिए (D) नाट्यसंहार के लिए
2. वनस्पति विज्ञान का महान पंड़ित कौन बन गया ?
   (A) स्वामी विवेकानंद (B) स्वामी दयानंद (C) डंकन (D) श्री अरविंद

* **सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानो की पूर्ति कीजिए :** **[3]**

1. 'अलबम' कहानी के माध्यम से ____________ का जतन करने की प्रेरणा मिलती है । (मानव मूल्यों, पारिवारिक मूल्यों)
2. 'देख लेना, एक दिन यही बिन्दू घर में से ____________ उठाकर न ले जाए तो मेरा नाम मालती नहीं।' (सब्जी, ट्रंक)
3. पोम्पी नगर के खंडहरों में खुदाई करते हुए एक ____________ प्राप्त हुआ था।(नरकंकाल, डायनासोर का कंकाल)

* **निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए :** **[3]**

1. मैं हैरान हूँ कि टेल्को जैसी कंपनी ____________
   (A) भारतीय विज्ञान संस्थान की स्थापना की
   (B) स्त्री-पुरुष के बीच ऐसा भेदभाव कैसे कर सकती है।
   (C) महिला विद्यार्थिओं के पढ़ने के लिए छात्रवृत्ति देती है ।
2. शादीराम पुरानी पत्रिकाएँ बेचते नहीं थे, क्योंकि
   (A) उनके रोते हुए बच्चे उन चित्रों को देखकर चुप हो जाते थे।
   (B) उनकी कोई ज्यादा रकम नहीं मिल सकती थी।
   (C) उनके भाई की अमानत थी।
3. वस्तुत: हमारे धर्म, दर्शन और आध्यात्म के दर्शन ने मनुष्य को ____________I
   (A) सहज आस्तिक और प्रफुल्लित बना दिया।
   (B) अनावश्यक गंभीर और कृत्रिम बना दिया।
   (C) उसने जीवन की सबसे बड़ी गुत्थी सुलझा दी ।

* **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्यों में लिखिए :** **[2]**

1. 'जीने की कला' पाठ के आधार पर दुनिया में सबसे बड़ा बुद्धिमान कौन है ?
2. 'एक नई शुरुआत' के दो वैज्ञानिकों के नाम बताइए।

* **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **[4]**

1. रामप्रसाद बिस्मिल की माँ ने शिक्षा प्राप्त करने के लिए क्या-क्या प्रयत्न किए?
2. गाँव के युवक पंचायत के पदाधिकारियों से किस बात पर नाराज थे ?

*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए :** **[6]**

1. क्या देखकर रूपा को पश्चात्ताप हुआ? क्यों?
2. चोरी का पता लग जाने पर नंदन ने बिन्दू के प्रति कैसा व्यवहार किया ? क्यों ?

*** निम्नलिखित कथनों का आशय स्पष्ट कीजिए :** **[4]**

1. तुम्हारे लिए प्रश्न अधिकार का है, उनके लिए संवेदना का।
2. कविता आत्मा की कला है, संवेदना का सौन्दर्य है।

*** निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए :** **[3]**

1. यमुना किनारे कदंब की ड़ाल पर रसखान किस रूप में बसना चाहते हैं?
   (A) पशु (B) भगवान (C) पक्षी (D) मनुष्य
2. सबकी नजर बचाकर खरहा कहाँ रहता था ?
   (A) अपने बिल में (B) वृक्ष के तने में (C) झाड़ी में (D) जंगल में
3. कवि काका 'हाथरसी' भक्त गण को कौन-सा गुण ग्रहण करने की बात करते हुए व्यंग्य करते हैं ?
   (A) हाथ में गोमुखी लेकर ईश्वर स्मरण करना
   (B) पोथी - पत्रा पढ़कर ज्ञानी बनना
   (C) मुख में राम, गले में माला, तिलक लगाकर घूमना
   (D) दूसरों को उपदेश सुनाना

*** सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानो की पूर्ति कीजिए :** **[3]**

1. कवि जनशक्ति की चेतना द्वारा भारत में ____________ लाना चाहते हैं।(महाक्रांति, नवयुग)
2. कृष्णभक्ति में मतवाली मीरा ने संसार - त्याग की चरम सीमा पर पहुँचकर ____________ की शरणागति का स्वीकार किया है। (राम - कृष्ण, गिरिधरनागर)
3. जननी और जन्मभूमि ____________ से महान है। (स्वर्ग, नरक)

*** निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए :** **[3]**

1. अमीर खुसरो की पहेली में अनार ____________ I
   (A) दाना न था। (B) फेरा न था। (C) तला न था।
2. कोटि-कोटि कंठों से निकली आज यही स्वरधारा ____________ I
   (A) नवसर्जन के फूल खिले । (B) पूरा विश्व हमारा है।
   (C) भारतवर्ष हमारा है हिन्दुस्तान हमारा है।
3. कवि रांगेय राघव श्रम का वंदन करते हैं। मेधा का ____________ I
   (A) गायन करते हैं। (B) अविराम उपासन करते हैं।
   (C) दीपों से नवप्रकाश लाते हैं।

* **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्यों में लिखिए :** **[2]**

1. 'जन्मभूमि' कविता में कवि ने भारत की किन नारियों की बात बताई है ?
2. साधु उपदेश देने के लिए झोंपड़ी कहाँ बनाते है ?

* **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **[4]**

1. 'पशमीना' ध्वज से कवि का क्या तात्पर्य है ?
2. मीरा इस भवसागर को किस प्रकार पार करना चाहती हैं ?

* **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए :** **[6]**

1. तोता और इन्द्र का संवाद अपने शब्दों में लिखिए ।
2. 'कुत्ते की सीख' काव्य से क्या बोध मिलता है ?

* **निम्नलिखित पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए:** **[2]**

1. वह वसुधैव बना कुटुंबकम् ।

* **निम्नलिखित कहावत का सही अर्थ लिखिए :** **[1]**

1. मुख में राम बगल में छूरी

* **निम्नलिखित शब्द समूह के लीए एक शब्द लिखिए :** **[1]**

1. जहा मनुष्य न हों

* **निम्नलिखित संधि को छोडिए :** **[1]**

1. कण्ठावरुद्ध

* **निम्नलिखित संधि को मिलाईए :** **[1]**

1. प्रति + ईक्षा

* **निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :** **[2]**

1. फूला न समाना

* **निम्नलिखित शब्दो के विरोधी शब्द लिखिए :** **[1]**

1. सद्व्यवहार x ____________

* **निम्नलिखित शब्दो के पर्यायवाची शब्द लिखिए :** **[1]**

1. घन

* **निम्नलिखित शब्दो की भाववाचक संज्ञा लिखिए :** **[1]**

1. उदास

* **निम्नलिखित शब्दो के विशेषण बनाईए :** **[1]**

1. वास्तव

*** निम्नलिखित शब्दो के कर्तृवाचक संज्ञा लिखिए :** **[1]**

1. इतिहास

*** निम्नलिखित शब्दो का समास पहचानिए :** **[2]**

1. राजपुरुष
2. नीलकमल

*** निम्नलिखित विषय पर किसी टिप्पणी लिखिए :** **[3]**

1. आकाशवाणी

*** निम्नानुसार पत्र लिखिए :** **[5]**

1. $B/26$, माधव रेसीडेन्सी, अहमदाबाद - निवासी श्रवण पटेल, गांधीधाम - निवासी अपने मित्र पार्थ मलहोत्रा को 'जीवन में खेलों का महत्त्व' समझाते हुए पत्र लिखते है।

*** रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर शीर्षक एवं बोध लिखिए :** **[5]**

1. घना जंगल - विशाल एवं घने वृक्षों पर पक्षियों का बसेरा - रोज पंछियों का बच्चों के लिए दाना चुगने के लिए उड़ जाना - जाने से पूर्व बच्चों को समझाना - नीचे मत जाना यदि जाओ तो सँभलकर - फँसना नहीं - बहेलिया आयेगा - जाल बिछायेगा - बच्चों द्वारा सुनना - माँ की बात को रटते रहना - एक दिन पेड़ से नीचे उतरना - दाने देखकर खुश होना - माँ की सीख याद आना - चौकन्ना हो जाना - सावधान होकर उड़ जाना - बहेलिए का निराश होकर पछताना - शीर्षक - सीख।

*** किसी एक विषय पर करीब 150 शब्दो मे निबंध लिखिए :** **[7]**

1. **अनुशासन का महत्त्व**
   प्रस्तावना - अनुशासन का अर्थ - दैनिक जीवन में अनुशासन की आवश्यकता - विद्यार्थिओं के लिए अनुशासन की आवश्यकता - अनुशासित व्यक्ति के गुण - महत्त्व - लाभ - उपसंहार

----- -----

# ABBHYASH ACADEMY

## HINDI

2

### विभाग A

*** निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए :** **[1]**

1. रूपा का हृदय सन्न रह गया क्योंकि _________
   (A) काकी मेहमानों के बीच बैठी थी।
   (B) काकी जूठी पत्तलों से टुकडे उठा-उठाकर खा रही थी।
   (C) लाड़ली चारपाई से गिर पडी थी।

*** सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानो की पूर्ति कीजिए :** **[1]**

2. ............. ने अपने हिस्से की पूड़ियाँ काकी के लिए बचाकर रखी थी। (रूपा, लाइली)

*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्यों में लिखिए :** **[3]**

3. बुद्धिराम के संपूर्ण परिवार में काकी से किसे अनुराग था?
4. अंत में दन्तुल ने कालिदास को कैसे पहचाना?
5. प्रोफेसर माधवन को पसीना क्यों आ गया?

*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **[4]**

6. लड़के बूढ़ी काकी को कैसे सताते थे?
7. दन्तुल कौन था? वह मल्लिका के घर कैसे पहुँचा?

*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए :** **[9]**

8. बुढ़ापा बहुधा बचपन का पुनरागमन हुआ करता है ।
9. एक बड़ी वृद्धा स्त्री ने प्रश्न का उत्तर किस प्रकार दिया?
10. घायल हरिण-शावक को बचाने के लिए कालिदास ने क्या-क्या किया?

*** निम्नलिखित कथनों का आशय स्पष्ट कीजिए :** **[2]**

11. "तुम्हारे लिए प्रश्न अधिकार का है, उनके लिए संवेदना का।"

### विभाग B

*** निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए :** **[3]**

1. प्रभुजी तुम चंदन हम ............ .
   (A) बाती (B) सुवास (C) पानी (D) वंदन
2. यमुना के किनारे .........का वृक्ष है।
   (A) कदंब (B) बड़ (C) पीपल (D) बरगद

3. खरहा क्यों भागा?
   (A) शिकारी कुत्ता पीछे पड़ा था।
   (B) खाना खत्म हो गया था उसकी तलाश में।
   (C) लोमड़ी उसके पीछे भाग रही थी।
   (D) जंगल में आग लगी थी।

*** सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानो की पूर्ति कीजिए :** **[4]**

4. प्रभु चंदन है, तो भक्त ........... है। (पानी, अमृत)
5. कलधौत के धाम का अर्थ होता है _________
   (सोने के राजमहल, काली यमुना नदी, कृष्ण का राजमहल)
6. सास ने ___________ को कुलनासी कहा । ( राधा / मीरा )
7. हम नवयुग के ............ . है । (अग्रदूत / निर्माता )

*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्यों में लिखिए :** **[6]**

8. प्रभु चंदन है, तो भक्त क्या है?
9. पशु के रूप में कवि कहाँ निवास करना चाहते हैं ?
10. मीराबाई को कौन-सा धन मिल गया है ?
11. शांतिनिकेतन क्या है?
12. रोटी कमाने के विषय में शास्त्रों में क्या बताया है? इस काव्य के आधार पर बताइए।
13. नवयुग के नयनों में क्या भरा है?

*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **[10]**

14. भक्त किन-किन उदाहरणों द्वारा समझाता है कि मैं प्रभु के निकट हूँ – अपने शब्दों में लिखिए ।
15. श्रीकृष्ण को रिझाने के लिए गोपी क्या-क्या करना चाहती है?
16. मीरां इस भवसागर को किस प्रकार पार करना चाहती है?
17. कुत्ते ने लोमड़ी को क्या उत्तर दिया?
18. भारतवर्ष हमारा जन्मस्थान कबसे है?

*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए :** **[9]**

19. संत रैदास ने भगवान के प्रति अपना भक्तिभाव किन-किन रूपों में व्यक्त किया है?
20. रसखान श्रीकृष्ण का सामीप्य किन रूपों में, किस प्रकार चाहते हैं?
21. मीरा के पदों के आधार पर सद्गुरू की महिमा का वर्णन कीजिए।

*** निम्नलिखित कथनों का आशय स्पष्ट कीजिए :** **[2]**

22. प्रभुजी तुम दीपक हम बाती।
    जाकी जोति बरै दिन-राती।

## विभाग C

*** निम्नलिखित कहावत का सही अर्थ लिखिए :** **[1]**

1. दिन दूनी रात चौगुनी

*** निम्नलिखित शब्द समूह के लीए एक शब्द लिखिए :** **[1]**

2. जहाँ घटना बनी है वह जगह

*** निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :** **[4]**

3. आग हो जाना
4. बात न पचना

*** निम्नलिखित शब्दो के विरोधी शब्द लिखिए :** **[2]**

5. अनुराग
6. सौभाग्य

*** निम्नलिखित शब्दो की भाववाचक संज्ञा लिखिए :** **[1]**

7. असमान

*** निम्नलिखित शब्दो के विशेषण बनाईए :** **[1]**

8. अंश

*** निम्नलिखित शब्दो का समास पहचानिए :** **[1]**

9. रसास्वादन

## विभाग D

*** निम्नलिखित विषय पर किसी टिप्पणी लिखिए :** **[3]**

1. ई-मेल

*** निम्नानुसार पत्र लिखिए :** **[5]**

2. 9 विजय पार्क सोसायटी, अहमदाबाद से फालगुनी पटेल अपनी सखी महेश्वरी भट्ट को जीवन में अनुशासन का महत्त्व समझाते हुए पत्र लिखती है।

*** किसी एक विषय पर करीब 150 शब्दो मे निबंध लिखिए :** **[7]**

3. मेरी प्रिय पुस्तक
   प्रस्तावना -लेखक की ईमानदारी -लेखक के व्यक्तित्व के विकास की झलक - अनेक विषयों पर लेखक के विचार -भाषाशैली प्रेरणा- उपसंहार।

----- -----

# ABBHYASH ACADEMY

## HINDI



*** निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए :** **[3]**

1. किसने अपने हिस्से की पूड़ियाँ काकी के लिए बचाकर रखी थी?
   (A) रूपा (B) बुद्धिराम (C) लाड़ली (D) श्यामा
2. वृद्ध ईसाई पादरी ने कहा,.....
   (A) तुम बड़े आलसी हो। (B) तुम भिखारी हो।
   (C) तुम ईमानदार बनो। (D) तुम लोग अपने काम में गर्व नहीं लेते।
3. आदमी ज्यादा धार्मिक, फिलासफर और सदाचारी लगता है, ऐसा लोग कब समझते हैं?
   (A) जब वह बुझे दिल हो (B) जब वह प्रसन्न हो
   (C) जब वह धर्म की बात करता हो (D) जब वह पवित्र हो

*** सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानो की पूर्ति कीजिए :** **[3]**

1. बुद्धिराम बूढ़ी काकी का ............ था। (भांजा, भतीजा)
2. पहले मित्र ............ हैं। (वृद्ध सज्जन, वृद्ध ईसाई पादरी)
3. हरिण-शावक .......... के बाणों से घायल हुआ। (दुष्यंत, दन्तुल)

*** निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए :** **[3]**

1. थोड़ी पूड़ियों ने काकी की क्षुधा और इच्छा को और........

| |
|---|
| (अ) प्रताड़ित कर दिया था। |
| (ब) उत्तेजित कर दिया था। |
| (क) शांत कर दिया था। |

2. वृद्ध सरकारी कर्मचारी के अनुसार ......

| |
|---|
| (अ) हम लोग समय पर काम नहीं पूरा करते। |
| (ब) हम लोग अपनी जिम्मेदारी नहीं समझते। |
| (क) हम लोग समय का स्वास्थ्य नहीं समझते। |

3. दुनिया में सबसे ज्यादा बुद्धिमान वही है जो...........
   (A) सबसे ज्यादा धनवान है ।
   (B) सबसे ज्यादा सुंदर है ।
   (C) सबसे ज्यादा खुश है ।

*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्यों में लिखिए :** **[2]**

1. कुटुंब व्यवस्था किस प्रकार नष्ट हो गई?
2. कालिदास कौन थे?

* **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **[2]**

1. बुद्धिराम ने बूढ़ी काकी की संपत्ति कैसे हथिया ली थी?

अथवा

* मनुष्य समाज को संगठित करने के लिए हमें क्या करना चाहिए?

* **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए :** **[3]**

1. वृद्ध सरकारी कर्मचारी ने लेखक के प्रश्न का उत्तर किन-किन उदाहरणों से समझाया?

अथवा

*

खाने के बारे में बूढ़ी काकी के मन में कैसे-कैसे मंसूबे बँधे?

* **निम्नलिखित कथनों का आशय स्पष्ट कीजिए :** **[2]**

1. लड़को का बुढों के प्रति स्वाभाविक विद्वेष होता ही है।

अथवा

* "यह हरिण-शावक इस पार्वत्य भूमि की संपत्ति है,राजपुरुष और इसी पार्वत्य भूमि के निवासी हम इसके सजातीय हैं।"

* **निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए :** **[3]**

1. प्रभुजी तुम स्वामी हम...........|
   (A) दिन-राती (B) दीन-राती (C) हमेशा (D) मालिक
2. कलधौत के धाम का अर्थ होता है ...
   (A) काली यमुना नदी (B) सोने का राजमहल (C) चाँदी का राजमहल (D) कृष्ण का राजमहल
3. कुत्ता खरहे को क्यों न पकड़ पाया?
   (A) कुत्ता खरहे के लिए भाग रहा था। (B) खरहा अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा था।
   (C) कुत्ते में खरहे को पकड़ने की शक्ति न थी। (D) खरहा बड़ा चालाक था।

* **सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानो की पूर्ति कीजिए :** **[3]**

1. जब ........ मिलता है तब सोने का महत्त्व बढ़ जाता है। (हीरा, सुहागा)
2. व्रज की स्त्रियाँ ............... की धुन को दीवानी हैं। (मुरली, गीत)
3. हम नवयुग के ............. . है । (अग्रदूत / निर्माता )

* **निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए :** **[3]**

1. संत रैदास कहते हैं कि हे प्रभु, आपके प्रति मेरा समर्पणभाव............

| |
|---|
| (अ) चंदन के साथ पानी जैसा है। |
| (ब) मोती और धागे जैसा है। |
| (क) सोने पर सुहागे जैसा है। |

2. मीरांबाई ने अपने सद्गुरु की कृपा से.......

| |
|---|
| (अ) बहुत बड़ा महल पाया। |
| (ब) रामरतन धन पाया। |
| (क) लोक-लाज खोई। |

3. हमारे देश में सावित्री और राधा जैसी महान नारियाँ हुई थीं...........

| |
|---|
| (अ) जिनकी आभा सुनहरी है। |
| (ब) जिनकी आभा से मानव-जाति आलोकित है। |
| (क) जिनका बहुत प्रभाव है। |

*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्यों में लिखिए :** **[2]**

1. 'तला' शब्द के दो अर्थ बताइए।
2. मनुष्य के रूप में रसखान कहाँ बसना चाहते हैं ?

*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **[2]**

1. मीरां इस भवसागर को किस प्रकार पार करना चाहती है?

अथवा

* कवि ने धरती के गुणगान कैसे गाए है।

*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए :** **[3]**

1. 'कुत्ते की सीख' को कहानी के रूप में लिखिए।

अथवा

* कवि बालकृष्ण 'नवीन' भारत के लिए क्या कहते हैं?

*** निम्नलिखित कथनों का आशय स्पष्ट कीजिए :** **[2]**

1. 'जिसका गौरव भाल हिमालय।'

अथवा

* कहते हैं सब शास्त्र, कमाओ रोटी जान बचाकर,
पर संकट में प्राण बचाओ, सारी शक्ति लगाकर।

*** निम्नलिखित कहावत का सही अर्थ लिखिए :** **[1]**

1. तू डाल-डाल, मैं पात-पात

*** निम्नलिखित शब्द समूह के लीए एक शब्द लिखिए :** **[1]**

1. छोटे छोटे टुकडे करना

*** निम्नलिखित संधि को छोडिए :** **[1]**

1. पुस्तकालय

*** निम्नलिखित संधि को मिलाईए :** **[1]**

1. कमल + ईश

* **निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :** **[2]**

1. दबे पाँव चलना

* **निम्नलिखित शब्दो के विरोधी शब्द लिखिए :** **[2]**

1. बेईमान
2. अनायास

* **निम्नलिखित शब्दो के पर्यायवाची शब्द लिखिए :** **[2]**

1. किनारा
2. सवाल

* **निम्नलिखित शब्दो की भाववाचक संज्ञा लिखिए :** **[2]**

1. अपना
2. खोखला

* **निम्नलिखित शब्दो के विशेषण बनाईए :** **[2]**

1. स्वर्ग
2. पृथ्वी

* **निम्नलिखित शब्दो के कर्तृवाचक संज्ञा लिखिए :** **[2]**

1. भ्रष्टाचार
2. लिखना

* **निम्नलिखित शब्दो का समास पहचानिए :** **[2]**

1. नर-कंकाल
2. भलाबूरा

* **निम्नलिखित विषय पर किसी टिप्पणी लिखिए :** **[3]**

1. टी.वी. (दूरदर्शन) :

अथवा

*

समाचारपत्र :

* **निम्नलिखित परिच्छेद को पढकर नीचे दिए गए प्रश्नो के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :** **[6]**

नारी ईश्वर की देन है और ईश्वर की बेटी है। भगवान के बाद हम स्त्री के ही देनदार हैं – जिंदगी देने के लिए और फिर जिंदगी योग्य बनाने के लिए। वह माता के समान हमारी रक्षा करती है तथा मित्र और गुरु के समान हमें शुभ

कार्यों के लिए प्रेरित करती है। नारी का त्याग और बलिदान भारतीय संस्कृति की अमूल्य निधि है। परंतु ईश्वरीय प्रवृत्ति एवं ईश्वर द्वारा किसी भी नारी से किया गया असामयिक कर मजाक वह होता है, जब नारी का सर्वेसर्वा मार्गदर्शक उसका भविष्य निर्माता उसे इस असीम दुनिया में नितांत अकेली छोड़कर, अनायास काल-कवलित हो जाता है। विधवा हो जाने पर उसे जीवन पर्यंत दूसरों पर आश्रित रहना होता है तथा संसार की सभी बहारों, रंगीनियों से उसे वंचित किया जाता है।संतोष की बात है कि हमारे भारत में कुछ विधवा-विवाह होने लगे हैं। परंतु समाज ने इस पद्धति को पूर्ण रूप से स्वीकार नहीं किया है। लोग विधवा को लेने व देने, दोनों में ही हिचकिचाते हैं। विधवाविवाह एक गौरव की बात है, जो समाज की शुद्धता और देशोन्नति के लिए अत्यावश्यक है।

1. हम भगवान के बाद किसके देनदार हैं? और क्यों?
2. नारी के जीवन का सबसे अधिक क्रूर ईश्वरीय मजाक क्या है?
3. भारतीय संस्कृति की अमूल्य निधि क्या है ?
4. विधवा हो जाने पर नारी की क्या स्थिति होती है?
5. विधवा का पुल्लिंग रूप _______ है ।
6. इस परिच्छेद के लिए एक उचित शीर्षक दीजिए।

*** निम्नानुसार पत्र लिखिए :** **[5]**

1. 7, नयन कुञ्ज,आम्बावाडी ,भावनगर से सुनील शाह सूरत में राह्नेवाले अपने छोटे भाई अनिल को व्यायाम का महत्व समझाता हुआ पत्र लिखता है |

*** रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर शीर्षक एवं बोध लिखिए :** **[5]**

1. एक एक नाई – एक मुर्गी – सोने का अंडा देना – नाई का आमिर हो जाना – शहरभर में चर्चा – इज्जत बढ़ना – नाइ को एक साथ सब सोना पाने की लालसा – मुर्गी को मार डालना – साधारण मुर्गी – लालच में सब सोने को खोने को खो देना

*** किसी एक विषय पर करीब 150 शब्दो मे निबंध लिखिए :** **[7]**

1. जीवन में अनुशासन का महत्व
   [अंक: 1. स्कूल और अनुशासन के बीच संबंध। अनुशासन के प्रकार - सबसे अच्छा अनुशासन क्या है? 3. अनुशासन का महत्व ४। अनुशासन और इसके कारण और परिणाम 5. अनुशासन के कारक]

अथवा

* भारत के सामने 21 वीं सदी में प्रवेश करने की चुनौतियां
[अंक: 1. सहस्राब्दी वर्ष का उत्सव: एक सदी का अंत 2. उत्सव के पीछे लूटपाट की लागत। बीसवीं सदी के भारत के लिए यादगार! 4। कुछ विरोधाभासी मामले 5. निष्कर्ष]

अथवा

* मेरी माँ
मा की महिमा - मां का प्रेम – माँ की धार्मिकता – मेरे मित्रो  आदि से व्यवहार - शिक्षा के प्रति दिलचस्पी- उपसंहार।

----- -----

TIME : 3 HOURS

TOTAL : 80 MARKS

# ABBHYASH ACADEMY

## HINDI

4

*** निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए :** **[3]**

1. क्रोधित बुद्धिराम ने काकी को कहाँ पटक दिया?

   (A) मैदान में (B) कमरे में (C) रसोई घर में (D) अंधेरी कोठरी में

2. वृद्ध ईसाई पादरी ने कहा,.....

   (A) तुम बड़े आलसी हो। (B) तुम भिखारी हो।

   (C) तुम ईमानदार बनो। (D) तुम लोग अपने काम में गर्व नहीं लेते।

3. आदमी ज्यादा धार्मिक, फिलासफर और सदाचारी लगता है, ऐसा लोग कब समझते हैं?

   (A) जब वह बुझे दिल हो (B) जब वह प्रसन्न हो

   (C) जब वह धर्म की बात करता हो (D) जब वह पवित्र हो

*** सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानो की पूर्ति कीजिए :** **[3]**

1. बुद्धिराम बूढ़ी काकी का ............ था। (भांजा, भतीजा)
2. ............ कंपनी के विज्ञापन में लिखा था कि महिला उम्मीदवार आवेदन न भेजें। (टॉरेन्ट, टेल्को )
3. इन्फोसिस फाउंडेशन का चेयरपर्सन ........... बनें। (चंदा कोचर, सुधामूर्ति)

*** निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए :** **[2]**

1. थोड़ी पूड़ियों ने काकी की क्षुधा और इच्छा को और........

| |
|---|
| (अ) प्रताड़ित कर दिया था। |
| (ब) उत्तेजित कर दिया था। |
| (क) शांत कर दिया था। |

2. दन्तुल को खेद था कि उसने कालिदास के साथ .....

| |
|---|
| (अ) दुष्टता का व्यवहार किया था। |
| (ब) अशिष्टता का व्यवहार किया था। |
| (क) हिंसा का व्यवहार किया था। |

*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्यों में लिखिए :** **[5]**

1. कालिदास कौन थे?
2. कौन-सी कला सबसे आवश्यक है?
3. आणविक ऊर्जा कैसे प्राप्त की जाती है?
4. प्रोफेसर माधवन किसका सिफारिश-पत्र लेकर प्रो. रामिश की लैब में मिलने आए थे?
5. ऊर्जा का क्या अर्थ है?

*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **[6]**

1. 'तुम लोगों में उदारता नहीं है'-कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

2. उज्जयिनी की राज्यसभा कवि कालिदास का सम्मान किस तरह करना चाहती है?

3. परमाणु विघटन और संगठन के बारे में बताइए।

*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए :** **[9]**

1. बुढ़ापा बहुधा बचपन का पुनरागमन हुआ करता है ।
2. आशय स्पष्ट कीजिए: लड़कों का बूढ़ों से स्वाभाविक विद्वेष होता ही है ।
3. आशय स्पष्ट कीजिए : तुम्हारे लिए प्रश्न अधिकार का है, उनके लिए संवेदना का।

*** निम्नलिखित कथनों का आशय स्पष्ट कीजिए :** **[2]**

1. बुढ़ापा बहुधा बचपन का पुनरागमन हुआ करता है ।

*** निम्नलिखित कथनों का आशय स्पष्ट कीजिए :** **[6]**

1. लड़को का बुढों के प्रति स्वाभाविक विद्वेष होता ही है।
2. बुढ़ापा बहुधा बचपन का पुनरागमन हुआ करता है।
3. "तुम्हारे लिए प्रश्न अधिकार का है, उनके लिए संवेदना का।"

*** निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए :** **[2]**

1. प्रभुजी तुम स्वामी हम...........|

   (A) दिन-राती (B) दीन-राती (C) हमेशा (D) मालिक

2. कुत्ता खरहे को क्यों न पकड़ पाया?

   (A) कुत्ता खरहे के लिए भाग रहा था।
   (B) खरहा अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा था।
   (C) कुत्ते में खरहे को पकड़ने की शक्ति न थी।
   (D) खरहा बड़ा चालाक था।

*** सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानो की पूर्ति कीजिए :** **[3]**

1. व्रज की स्त्रियाँ ............... की धुन को दीवानी हैं। (मुरली, गीत)
2. ........... ने मीरां को विष का प्याला भेजा। (राणा, सास)
3. युद्ध से जनजीवन .......... बन गया है। (जर्जर, बर्बर) है

*** निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए :** **[3]**

1. गोपी कृष्ण की मुरली धारण नहीं करेगी, क्योंकि.............

| |
|---|
| (अ) गोपी निश्छल प्रेम का विश्वासघात करना नहीं चाहती। |
| (ब) गोपी को कृष्ण से नफरत हो गई है |
| (क) गोपी को मुरली बजानी आती नहीं है। |

2. आठ सिद्धि और नव निधि का सुख प्राप्त होता है.............

   (A) नंद की धेनु चराने में ।
   (B) यमुना किनारे स्नान करने में ।
   (C) मुरली वजाने में ।

3. संकट में प्राण बचाने के लिए सारी...............
   (A) युक्ति लगा देनी चाहिए ।
   (B) शक्ति लगा देनी चाहिए ।
   (C) भक्ति लगा देना चाहिए ।

*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्यों में लिखिए :** **[3]**

1. सोने का महत्त्व कब बढ़ता है?
2. मोती और धागा किस भाव का प्रतीक है?
3. मीरा को विष का प्याला किसने भेजा ?

*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **[6]**

1. कवि ने धरती के गुणगान कैसे गाए है।
2. कुत्ते ने लोमड़ी को भेद की कौन-सी बात बताई?
3. कुत्ते ने लोमड़ी को क्या उत्तर दिया?

*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए :** **[6]**

1. रसखान श्रीकृष्ण का सामीप्य किन रूपों में, किस प्रकार चाहते हैं?
2. कवि ने जन्मभूमि को स्वर्ग से महान क्यों बताया है?

*** निम्नलिखित कथनों का आशय स्पष्ट कीजिए :** **[4]**

1. या लकुटी अरु कामरिया पर, राज तिहूँ पुर को तजि डारौं।
   आठहुँ सिद्धि, नवो निधि को सुख, नंद की धेनु चराय बिसारौं॥
   'रसखान' कबौं इन आँखिन सो, ब्रज के बन बाग तड़ाग निहारौं।
   कोटिकहू कलधौत के धाम, करील के कुंजन ऊपर वारौं ॥
2. शांति निकेतन जहाँ तपोवन
   ध्यानावस्थित हो ऋषि मुनि गण,
   चिद् नभ में करते थे विचरण
   जहाँ सत्य की किरणें बरसीं।

*** निम्नलिखित कहावत का सही अर्थ लिखिए :** **[1]**

1. दिन दूनी रात चौगुनी

*** निम्नलिखित शब्द समूह के लीए एक शब्द लिखिए :** **[1]**

1. जीभ का स्वाद

*** निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :** **[6]**

1. जवाब दे चुकना
2. हृदय सन्न रह जाना
3. छाती पर सवार होना

*** निम्नलिखित शब्दो के विरोधी शब्द लिखिए :** **[1]**

1. अपशकुन

*** निम्नलिखित शब्दो के पर्यायवाची शब्द लिखिए :** **[1]**

1. बास

*** निम्नलिखित शब्दो का समास पहचानिए :** **[2]**

1. क्षुधावर्धक
2. रसास्वादन

*** उचित जोड़ मिलाए :** **[5]**

1.

| **‘अ’** | **‘ब’** | **उतर** |
|---|---|---|
| 1. भगत देख राजी हुई | 1. किरपा कर अपणायो । | |
| 2. मीरा के प्रभु गिरधरनागर | 2. जगत देखि रोई । | |
| 3. वस्तु अमोलक दी मेरे सतगुरु | 3. हरखि हरखि जस गायो । | |
| | 4. भवसागर तरि आयो । | |

----- -----

# ABBHYASH ACADEMY

## HINDI

5

### विभाग A

*** निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए :** **[1]**

1. प्रत्येक नागरिक को पूर्णतः लगन एवं निष्ठा के साथ....... से कार्य करना चाहिए।
   (A) ईमानदारी (B) बेईमानी (C) जल्दबाजी (D) धीरे धीरे

*** सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानो की पूर्ति कीजिए :** **[1]**

2. बैंगलूरु के भारतीय विज्ञान संस्थान के परिसर में ......... के वृक्ष फूलों से लदे हुए थे। (आम, गुलमहोर)

*** निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए :** **[1]**

3. ईसाई पादरी के अनुसार .......

| |
|---|
| (अ) हम ज्यों के त्यों पड़े हुए हैं। |
| (ब) हम लोग अपने काम में गर्व नहीं लेते। |
| (क) हम जिम्मेदारी नहीं समझते। |

*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्यों में लिखिए :** **[2]**

4. कौन-सी कला सबसे आवश्यक है?
5. प्रोफेसर माधवन किसका सिफारिश-पत्र लेकर प्रो. रामिश की लैब में मिलने आए थे?

*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : ( किन्ही 2 )** **[4]**

6. दन्तुल कौन था? वह मल्लिका के घर कैसे पहुँचा?
7. मल्लिका ने दन्तुल को हरिण-शावक के लिए हठ न करने के लिए क्यों कहा?
8. कालिदास दन्तुल को अपराधी न मानने के लिए क्या तर्क देते हैं?

*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए : ( किन्ही 2 )** **[6]**

9. देश को कैसे नागरिकों की आवश्यकता है और क्यों?
10. आशय स्पष्ट कीजिए : यह हरिणशावक पार्वत्य-भूमि की संपत्ति है, राजपुरुष और इसी पार्वत्य-भूमि के निवासी हम इसके सजातीय हैं ।
11. हरिण-शावक के लिए कालिदास और दन्तुल के बीच में हुए संवाद को अपने शब्दों में लिखिए।

*** निम्नलिखित कथनों का आशय स्पष्ट कीजिए : ( किन्ही 1 )** **[2]**

12. "तुम्हारे लिए प्रश्न अधिकार का है, उनके लिए संवेदना का।"
13. "यह हरिण-शावक इस पार्वत्य भूमि की संपत्ति है,राजपुरुष और इसी पार्वत्य भूमि के निवासी हम इसके सजातीय हैं।"

* **निम्नलिखित कथनों का आशय स्पष्ट कीजिए :** **[2]**

14. बुढ़ापा बहुधा बचपन का पुनरागमन हुआ करता है ।

**विभाग B**

* **निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए :** **[1]**

1. सबकी नजर बचाकर खरहा कहाँ रहता था?
   (A) अपने बिल में (B) झाड़ के तने में (C) झाड़ी में (D) जंगल में

* **सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानो की पूर्ति कीजिए :** **[1]**

2. ........... लेकर रसखान वन में भटकते हुए गायें चराना चाहते हैं। (लकुटी / लाठी, चरवाहा)

* **निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए :** **[1]**

3. लकुटी लेकर रसखान.......

| |
|---|
| (अ) गायें भगाना चाहते है। |
| (ब) चलना चाहते हैं। |
| (क) कृष्ण की भांति वन में भटकते हुए गायें चराना चाहते हैं। |

* **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्यों में लिखिए :** **[2]**

4. मनुष्य के रूप में रसखान कहाँ बसना चाहते हैं?
5. मीरां के लिए सदगुरु किसके समान है?

* **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : ( किन्ही 2 )** **[4]**

6. खरहा कहाँ और कैसे रहता था?
7. खरहा झाड़ी से क्यों भागा?
8. कवि भारत का प्रतिपक्षी किसे मानते हैं?

* **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए : ( किन्ही 2 )** **[6]**

9. कवि श्रीकृष्ण से संबंधित किन वस्तुओं की अभिलाषा करते हैं? इनके लिए वह किन वस्तुओं को छोड़ने के लिए तैयार है?
10. 'कुत्ते की सीख' काव्य से क्या बोध मिलता है?
11. कवि बालकृष्ण 'नवीन’ भारत के लिए क्या कहते हैं?

* **निम्नलिखित कथनों का आशय स्पष्ट कीजिए : ( किन्ही 1 )** **[2]**

12. पायो जी मैंने राम रतन धन पायो।वस्तु अमोलक दी मेरे सत्गुरु कर किरपा अपणायो।जनम-जनम की पूँजी पाई जग में सबै खोवायो।
    खरचै नहिं, कोई चोर न लेवै दिन-दिन बढ़त सवायो।

सत की नाव खेवटिया सतगुरु भवसागर तरि आयो।
मीरा के प्रभु गिरिधरनागर हरखि-हरखि जस गायो।

13. आज युद्धजर्जर जगजीवन
पुनः करेगा मंत्रोच्चारण,
वह वसुधैव बना कुटुंबकम्
उसके मुख पर ज्योति नवल-सी!
जननी जन्मभूमि प्रिय अपनी, जो स्वर्गादपि चिर गरीयसी।

## विभाग C

*** निम्नलिखित कहावत का सही अर्थ लिखिए :** **[1]**

1. तू डाल-डाल, मैं पात-पात

*** निम्नलिखित शब्द समूह के लीए एक शब्द लिखिए :** **[1]**

2. जिसका वर्णन न किया जा सके

*** निम्नलिखित संधि को छोडिए :** **[1]**

3. परमानंद

*** निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :** **[2]**

4. आग-बबूला हो जाना

*** निम्नलिखित शब्दो के पर्यायवाची शब्द लिखिए :** **[1]**

5. पुरस्कार

*** निम्नलिखित शब्दो की भाववाचक संज्ञा लिखिए :** **[1]**

6. खुश

*** निम्नलिखित शब्दो का समास पहचानिए :** **[2]**

7. सुविधा
8. धन-राशि

## विभाग D

*** निम्नलिखित परिच्छेद को पढकर नीचे दिए गए प्रश्नो के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :** **[4]**

दु:ख के बिना सुख का अस्तित्व नहीं है और सुख के बिना दु:ख का। जब तक हमें एक अनुभव नहीं होगा तब तक हम दूसरे का अनुभव नहीं कर सकते। शीतलता का अनुभव करने के लिए उष्णता का अनुभव आवश्यक है। यह भी एक बात है कि कोई सम्पूर्ण शीतलता ही नहीं ले सकता और न कोई उष्णता। अतः आवश्यकता है कि दोनों का समन्वय हो । न तो सम्पूर्ण दु:ख हो और न सम्पूर्ण सुख। ये दोनों मानव-जीवन के ताने-बाने है। एक-दूसरे के पूरक है। जीवन में सुख-दु:ख दोनों का मिश्रण होना चाहिए। यह मिश्रण मधुर हो। ऐसा न हो कि सुख अधिक हो, दु:ख कम। यह भी न हो कि दु:ख ही अधिक हो और सुख कम दोनों की मात्रा सम हो, विषम न हो।

1. हम सुख का अनुभव कब कर सकते हैं?
2. शीतलता और उष्णता शब्द किनके सूचक है?
3. जीवन में सुख-दु:ख का क्या स्थान होना चाहिए?
4. इस परिच्छेद के लिए एक उचित शीर्षक दीजिए।

*** निम्नलिखित विषय पर किसी टिप्पणी लिखिए : ( किन्ही 1 )** **[3]**

5. समाचारपत्र :

6. पत्रलेखन

*** निम्नलिखित परिच्छेद को पढकर नीचे दिए गए प्रश्नो के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :** **[6]**

बापू का स्पष्ट मत था कि स्वर्ग का राज्य बच्चों के लिए है | बच्चों के सिवा उसमें कोई प्रवेश नहीं कर पाता क्योंकि बच्चे निर्दोष हुआ करते हैं | उनके जैसा छलरहित, निष्पाप और भोला भाला संसार में दूसरा कोई नहीं | अगर किसी बच्चे में अवगुण है | कोई बुराई है तो वह उसका दोष नहीं है | उसके किसी रहने वाले व्यक्तियों का दोष है | क्योंकि बच्चा जो सीखता है अपने आसपास के वातावरण से ही सीखता है | बच्चों को पीटना बापू की दृष्टि में एक महापाप है | कारण कोई भी हो कैसा भी अपराध हो गया हो भय दिखाकर या मारपीट कर बच्चे के साथ दुर्व्यवहार करना उचित नहीं है | बच्चों की गलतियों को उन्हें प्रेम स्नेह से समझा देना चाहिए | ऐसा करने से उनमें सुधार हो जाता है |

7. बापू के मतानुसार बच्चे किसके अधिकारी है ? क्यों ?
8. बापू बच्चों के अवगुणों के लिए किसको दोषी ठहराते हैं ?
9. बापू की दृष्टि से क्या करना महापाप है ?
10. बापू बच्चों को सुधारने के लिए कौन सा मार्ग बताते हैं ?
11. निर्दोष का संधि विच्छेद कीजिए |
12. इस परिच्छेद को उचित शीर्षक दीजिए |

*** निम्नानुसार पत्र लिखिए : ( किन्ही 1 )** **[5]**

13. 7, नयन कुञ्ज,आम्बावाडी ,भावनगर से सुनील शाह सूरत में राह्नेवाले अपने छोटे भाई अनिल को व्यायाम का महत्व समझाता हुआ पत्र लिखता है |

14. 5, सीतानगर ,राजकोट से राजेश ,मोरबी निवासी अपने मित्र परेश पटेल को " एस.एस .सी परीक्षा में अनुतीर्ण होने घर पर आश्वाशन पत्र "लिखता है |

*** रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर शीर्षक एवं बोध लिखिए : ( किन्ही 1 )** **[5]**

15. दो मित्र - समुद्र में तूफान- नौका टूटना- दोनों का एक की तख्त का सहारा लेना- तख्त केवल एक का भार संभालने में समर्थ -'मेरी माँ को संभालना' इस सूचना के साथ अविवाहित मित्र का तख्ते को छोड़ देना - दूसरे मित्र का बचना - सीख।

16. दो मित्र – समुद्र में तूफान – नौका टूटना – दोनों का एक ही तख्ते का सहारा लेना- तख्ते केवल एक का भार संभालने में समर्थ – 'मेरी मां को संभालना' इस सूचना के साथ अविवाहित मित्र का तख्ते को छोड देना – दूसरे मित्र का बचना-सीख।

*** किसी एक विषय पर करीब 150 शब्दो मे निबंध लिखिए : ( किन्ही 1 )** **[7]**

17. एक मध्यमवर्गीय आदमी की हैयारवल
[अंक 1। मध्यम वर्ग का व्यक्ति न तो बेघर है और न ही बेसहारा है। उसकी लाचारी का कारण 3. उसके कर्मो का कष्ट 4. समाज में अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए उसे बलिदान करना। [निष्कर्ष]

18. मतदान केंद्र पर

* **उचित जोड़ मिलाए :** **[5]**

19.

| **‘अ’** | **‘ब’** | **उतर** |
|---|---|---|
| 1. भगत देख राजी हुई | 1. किरपा कर अपणायो । | |
| 2. मीरा के प्रभु गिरधरनागर | 2. जगत देखि रोई । | |
| 3. वस्तु अमोलक दी मेरे सतगुरु | 3. हरखि हरखि जस गायो । | |
| | 4. भवसागर तरि आयो । | |

----- -----